# कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना

## निविदा (ई-टेण्डर) आमंत्रण सूचना

**वार्षिक ठेका 2026-27**

**तृतीय आमंत्रण**

निविदा कमांक/ 03 /निर्वाह/2026 मुरैना, दिनांक 06.05.2026

जिला जेल मुरैना में परिरूद्ध बंदियों के उपयोग हेतु खाद्यान्न सामग्री, सब्जियां, स्वच्छता एवं अन्य सामग्री तथा दवाईयॉ, जांचें एवं उपचार सामग्री के लिए के लिये वार्षिक ई–निविदाऐं (तृतीय बार) आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन निविदा जमा होने की अंतिम तिथि 30.05.2026 सांयकाल समय 5:00 बजे तक रहेगी।

इच्छुक व्यापारीगण निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी जिला जेल मुरैना से कार्यालय समय प्रातः 9:30 बजे 1:30 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। निविदा की जानकारी बेवसाईट http;//mptenders.gov.in/nicgep/app पर उपलब्ध हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रीबिड मीटिंग तिथि | दिनांक 20.05.2026<br>प्रातः 11.30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना |
| 2. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.05.2026<br>सायंकाल 05.00 बजे | https://mptenders.gov.in/ पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जायेगी। |
| 3. | दस्तावेजों की प्रति नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 30.05.2026<br>सायंकाल 05.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 02.06.2026<br>दोपहर 12.00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना |

-01 निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेवसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते हैं निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेवसाइट पर देखें।

-02 निविदा में किया गया कोई भी संशोधन http;//mptenders.gov.in/nicgep/app पर ही किया जावेगा जिसकी सूचना जिला जेल मुरैना के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। पृथक से कोई भी संशोघन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

जेल अधीक्षक
जिला जेल मुरैना (म0प्र0)

Scanned with OKEN Scanner

# निविदा की शर्तें
## (तृतीय बार)

1. वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए खाद्यान्न, सब्जियों, दवाईयों स्वच्छता विद्युत सामग्री एवं अन्य सामग्री के क्रय की कार्यवाही मध्यप्रदेश जेल पूर्ती नियम, 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम, सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत ई-टेण्डरिंग के माध्यम से अर्थात ऑन लाईन की जायेगी।

2. निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी बैवसाईट www.mptenders.gov.inपर उपलब्ध है। निविदा शुल्क ठेके की लागत 05 लाख तक रूपये 500 एवं 05 लाख से अधिक रू. 1000 रू. प्रति निविदा फार्म ऑनलाईन लेखा शीर्ष 0056 जेलें-800 अन्य प्राप्तियॉ में जमा करना होगा।

3. निविदायें खंडवार पृथक-पृथक ऑनलाईन जमा की जायेगीं। निविदा में 3 प्रतिशत बयाने की राशि खंडानुसार www.mptenders.gov.inपर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी। 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) अर्थात बयाने की राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | खण्ड का नाम | कुल लागत | 3 प्रतिशत बयाने की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद्यान्न | 9166405 | 274992 |
| 2 | सब्जियॉ | 1329879 | 39896 |
| 3 | स्वच्छता , विद्युत एवं भवन निर्माण सामग्री सामग्री | 1549960 | 46499 |
| 4 | दवाईयॉ ,उपकरण ,लैव सामग्री एवं चिकित्सीय जॉच | 1200000 | 36000 |

4. वार्षिक ई- निविदा में दर्शाई गई वस्तुंओं के भाव अधिकतम दिनांक 30.06.2027 अथवा अगले वर्ष का ठेका स्वीकृत होने तक, जो भी प्रथम हो, वैध रहेगें।

5. खाद्य वस्तु ओं की गुणवत्ता औसत स्तर की होनी चाहिये। प्रत्येक निविदाकार को सामग्री की दरें ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी। निविदा में जो दरें प्रस्तुत की जाये वे समस्त करों सहित होनी चाहिये। पृथक से कोई कर देय नहीं होगा।

6. उन्हीं निविदाकारों की निविदा स्वीकृत होगी जो वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) के अंतर्गत रजिस्टर्ड व्या।पारी होगें। प्रत्येक निविदाकार को निविदा के साथ निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जी.एस.टी. रिटर्न अथवा पिछली तिमाही का जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. निविदायें संबंधित जेल कार्यालय में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को नियत समय पर खोली जायेगी। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.inपर अपलोड कर एवं जेल के सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जायेगी। एवं निविदाकरों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जायेगा।

8. प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा के साथ आवश्यक रूप से कारागार अधिनियम , 1894 की धारा-10 एवं जेल मुख्या।लय मध्याप्रदेश के परिपत्र क्रमांक 05/वारंट-3/दिनांक 28.01.2015 के प्रावधान के अनुसार क्रमश: प्रपत्र (अ) एवं (ब) में पृथक-पृथक 200-200 रूपये के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पर मूल प्रति में नोटरी द्वारा प्रमाणित ( नियमानुसार)एक शपथ पत्र भी आवश्यक रूप से ऑनलाईन अपलोड किया जावेगा। शपथ पत्र के अभाव में निविदा मान्यं नहीं होगी। शपथ पत्र का प्रारूप ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

9. तहसील /मंडी/खाद्यान्न क्रय समिति की दरे निविदा खोलने की दिनांक के पूर्व प्राप्त न होने की स्थिति में क्रय समिति के विवेक पर यह दरे एक सप्ताह के अंदर प्राप्त करने की शर्त पर , निविदा खोलने की तिथि बढाई जा सकेगी।

10. निविदा में निविदाकारों द्वारा निम्नानुसार स्वयं हस्ताक्षरित एवं फर्म की सील सहित दस्तावेज ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अपलोड कराये जायेंगे तकनीकी बिड खुलने के पश्चात् ऑनलाईन अपलोड दस्तावेजों का क्रय समिति द्वारा परीक्षण कर, हस्ताक्षर किये जावेगें। अपठनीय, अस्पष्ट एवं संदेहात्मक दस्तावेजों की मूल प्रति बनाकर जेल अधीक्षक तस्दीक करेंगे

Scanned with OKEN Scanner

निविदाकार द्वारा मूल प्रतियां प्रस्तुत न करने की दशा में उसकी 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि EMD राजसात कर ली जायेगी।
तकनीकी बिड में पात्र निविदाकर्ता के ही वित्तीय प्रस्ताव (फाइनेंसियल बिड) खोले जायेंगे:-

i. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड
ii. मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम , 1958 के अधीन पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र
iii. निविदा के कुल लागत के 2 प्रतिशत के हिसाब से ऑनलाईन बयाने की रकम जमा करने की रसीद
iv. जी.एस.टी. पंजीयन एवं निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछली तिमाही का जीएसटी रिटर्न
v. विगत 03 वर्ष का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र
vi. शपथ पत्र अ एवं ब (सभी पृष्ठ संलग्न करें प्रकाशन तिथि के पूर्व के शपथ पत्र संलग्न न करें ।)
vii. अनाज एवं सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी समिति का वैध लायसेंस
viii. खाद्य वस्तुओं/दवाईयों के लिए खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अधीन रजिस्टेशन अथवा वैध अनुज्ञप्ति (लायसेंस)
ix. वस्तुओं के व्यापार संबंधी नगर निगम / नगर पालिका/नगर परिषद का वैध व्यवसाय लायसेंस इन संस्थाओं द्वारा वैध लायसेंस जारी न करने की दशा में उनका स्पष्ट प्रमाण पत्र।
x. दवाईयों की निविदा हेतु वैध ड्रग लायसेंस
xi. निविदा में उल्लेतखित सामग्री के अपेक्षित नमूनों से संबंधित पत्र
xii. वस्तुओं के ब्रांड से संबंधित पत्र (प्रस्तुत ब्राण्ड आई.एस.आई. मार्क का होना अनिवार्य है । )
xiii. निविदाकार फर्म का नाम किसी भी विभाग में काली सूची (Blacklist) में नहीं होने का घोषणा पत्र

11. निविदा के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों का उनके जारीकर्ता विभाग से सत्यापन कराया जा सकता है। सत्यापन के दौरान यदि दस्तावेज फर्जी अथवा गलत पाये जाते हैं तो संबंधित व्यापारी का ठेका निरस्त कर उसके विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

12. निविदा में उल्लेखित खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के अपेक्षित नमूने निविदाकार को नियत तिथि एवं निर्धारित समय तक प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकार जिन सामग्रियों के लिए निविदा प्रस्तुत कर रहे है उन सामग्रियों के ब्रैंड तथा मेक का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जाना आवश्यक है। नमूने प्राप्त न होने अथवा सामग्री के नाम के साथ ब्रांड नामों का उल्लेख न होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नमूने 500-500 ग्राम के पारदर्शी डब्बों समान गुणवत्ता वाले दो-दो पैक में फर्म का नाम लिखकर, नमूनों को पूर्णत: सीलबंद कर, स्वहस्ताक्षरित सील सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

13. नमूने का परीक्षण उपस्थिति निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों तथा संबंधित जेल की क्रय समिति की उपस्थिति में किया जायेगा। जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकृत नमूने हस्ताक्षर कर सीलबंद डिब्बे में रखे जायेगे। निविदाकारों द्वारा प्रदाय वस्तुयें साफ सुथरी होगीं और नमूनों से मिलाई जायेगीं। व्यापारियों द्वारा प्रदाय माल का मिलान नमूनें के मुताविक होने या न होने की घोषणा जेल अधीक्षक द्वारा की जायेगी जो मान्य होगी।

14. निविदा में दर्शाई सामग्री की मात्रा अनुमानित है। आवश्यकता पड़ने पर सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है। सफल निविदाकारों को निर्धारित अवधि में सामग्री का प्रदाय स्वीकृत ट्रेडमार्क या नमूने के अनुरूप करना होगा। कोई भी सामग्री उपरोक्तानुसार न होने पर स्वीकार नहीं की जायेगी। अस्वीकृत माल ठेकेदार को अपने व्यय से तुरंत वापस ले जाकर , नमूने अनुसार माल प्रदाय करना होगा। प्रदाय न करने पर खुले बाजार से माल क्रय किया जाकर शासन को हुये अधिक व्यय की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जायेगी। यह वसूली भू-राजस्व के बकाया के रूप में या उसकी जमा निष्पादन प्रतिभूति (performance Guarantee) राशि में से की जा सकेगी। साथ ही उसे भविष्य के लिए जेल विभाग में निविदायें प्राप्त करने के लिए ब्लैक लिस्टेड करने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

15. सब्जियॉ साफ एवं ताजी प्रदाय करनी होगीं, जो प्रात: 7:00 बजे से 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जेल गेट तक पहुचानी होगी। निर्धारित समय तक सब्जियॉ प्राप्त न होने पर बंदियों की भोजन व्यवस्था बनाये रखने के लिए खुले बाजार से सब्जियॉ क्रय की जायेगी जिसपर शासन को हुये अधिक व्यय की वसूली ठेकेदार को देय किसी भी रकम से की जा सकेगी। ठेकेदार द्वारा बिलंब से भेजी गई सब्जियॉ वापस कर दी जायेगी जिसके लिए ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होगें। सब्जियॉ जेल बगीचे से उपलब्ध न होने के की दशा में ही ठेकेदार से क्रय की जायेगी।

16. दवाईयों एवं चिकित्सीय सामग्रियों की निविदा हेतु निविदाकार को वैध ड्रग लायसेंस संलग्न करना आवश्यक है। जिन दवाओं में एक्सपायरी डेट निर्माता कम्पनी द्वारा एक वर्ष से अधिक की नियत की गई हो, ऐसी दवाईयों की प्रदायगी में समान्यत: एक्सपायरी डेट कम से कम एक वर्ष शेष होना आवश्यक है। दवाईयॉ एवं अन्य चिकित्सीय सामग्री ठेके में , एम.आर.पी. से अधिकतम डिस्काउन्ट देने वाले निविदाकार की

Scanned with OKEN Scanner

निविदा स्वीकृत की जायेगी। निविदाकारों को अस्पताल भर्ती बंदियों तथा जेल में गम्भीर रूप से बीमार बंदियों हेतु मांग किये जाने पर तत्काल दवाईयों की पूर्ति करनी होगी।

17. निविदा में उल्लेखित सभी वस्तुयें शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों द्वारा प्रदान न करने की स्थिति में ही स्वीकृत निविदाकारों से क्रय की जायेगीं।

18. जिस निविदाकार की निविदा जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई हो उसे 10 दिवस के अन्दर पंजीयन एवं स्टाम्प (वाणिज्यकर) विभाग म0प्र0 के निर्धारित स्टाम्प शुल्क अनुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर करारानामा भरना होगा जिसकी प्रति संबंधित जेल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

19. सर्शत निविदा मान्य नहीं की जायेगी। ठेके की शर्तों के क्रियान्वयन के लिए सफल निविदाकर्ता, निविदा मे लेख रकम के बराबर का शोध क्षमता प्रमाण पत्र या उसके बदले में निविदा के रकम के03 प्रतिशत तक निष्पादन प्रतिभूति (performance Guarantee) डिमांड ड्राफ्ट / मियादी जमा रसीद /बैंकर्स चैक/ बैंक गारंटी / IRREVOCAVLE के रूप में देगा। बैंक गारन्टी का सत्यापन संबंधित बैंक से कराया जायेगा । प्रतिभूति की राशि जेल अधीक्षक के नाम से देय होगी। 03 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृत होने के 10 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी ।

20. निविदा महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मगक सेवाएं , मध्यप्रदेश के अनुमोदन उपरांत ही मान्य होगी। निविदा खुलने के बाद , यदि न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता (L1) निविदा वापस लेते हुये करारनामा भरने एवं निष्पादन प्रतिभूति (performance Guarantee) जमा करने से इंकार करता है, तो उसका टेण्ड र निरस्त करते हुये उसके द्वारा जमा की गई 3 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Eaenest Money Deposit) अर्थात बयाने की राशि जब्त कर ली जायेगी और संबंधित खण्ड/ सामग्री की निविदा पुन: आमंत्रित की जायेगी।

21. सफल निविदाकर्ता को समस्त पूर्तिया समझौते के अनुसार किस्तों में आवश्कतानुसार दैनिक /साप्ताहिक/पाक्षित/मासिक इण्डेंट के आधार पर संबंधित जेल के गेट पर करनी होगी। इसके लिए कोई अतिरिक्त भाडा देय नहीं होगा। इण्डेंट प्राप्त करने की जबाबदारी निविदाकार की होगी

22. प्रत्येक निविदाकार को पत्राचार हेतु अपने अधिकृत मोबाईल नम्बर/व्हाटअप नम्बर/ईमेल आई.डी. में से कोई एक फर्म के प्रिंटेड लेटर पेड पर देना अनिवार्य होगा। उक्त अधिकृत माध्यमों पर दी गई सूचना सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगी।

23. देयकों का भुगतान संबंधित जेल द्वारा ई-पेमेंट के माध्याम से किया जायेगा। सामग्री के भुगतान के समय नियमानुसार जो भी कर काटने योग्य होगा , काटा जायेगा। विशेष परिस्थिति में भुगतान हेतु, डिमांड ड्राफ्ट /बैंकर्स चैक पर बैंक का कमीशन भी व्यापारी से काटा जायेगा। देयकों के भुगतान में बिलंब होने के कारण वस्तुओं का प्रदाय रोकने का अधिकार ठेकेदार को नहीं होगा।

24. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्म्क सेवाएं, मध्याप्रदेश को संबंधित जेल की क्रय समिति द्वारा अस्थाई रूप से स्वीकार की गई निविदा की पुष्टि करने या अभिलिखित कारणों के आधार पर उसे अंशत: स्वीकृत या नामंजूर करने का अधिकार है।

25. निविदा तथा करारनामें के अनुसार पूर्ती के संबंध में सभी विवाद जिला जेल मुरैना के जिले में स्थित सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगें।

26. सरल क्रमांक (7) नारियल झाडू (8) खजूर झाडू (9) बांस झाडू ( 10) लैट्रिन ब्रश (28) जी.व्ही. (29) प्लास्टिक मग्गा (31) प्लास्टिक बाल्टी (32) कंघा (33) दाढी ब्रश (34) टूथ ब्रश एवं दाढी साबुन के भी नमूने प्रस्तुत करने होंगे।

उप जेल अधीक्षक
जिला जेल मुरैना (.प्र.म)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना
वार्षिक तृतीय निविदा 2026–27
भोजन सामग्री अनुमानित

| क्र. | वस्तु का नाम | अनुमानित मात्रा | दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेंहू (लोकमन)मशीन क्लीन | 700 क्विंटल | | |
| 2 | चावल (मीडियम)मशीन क्लीन | 140 क्विंटल | | |
| 3 | तुअर दाल | 42 लक्विंट | | |
| 4 | मूंगदाल छिलका युक्त | 30 क्विंटल | | |
| 5 | उडद दाल छिलका युक्त | 22 क्विंटल | | |
| 6 | चना दाल | 26 क्विंटल | | |
| 7 | मसूर दाल खडी (छिलका युक्त) मलका | 10 क्विंटल | | |
| 8 | मिर्च पिसी (किचिन किंग गोल्डी MDH एगमार्क युक्त) | 03 क्विंटल | | |
| 9 | हल्दी पिसी (किचिन किंग गोल्डी MDH एगमार्क युक्त) | 03 क्विंटल | | |
| 10 | धनिया पिसा (किचिन किंग गोल्डी MDH एगमार्क युक्त) | 03 क्विंटल | | |
| 11 | गरम मसाला पिसा (किचिन किंग गोल्डी MDH एगमार्क युक्त) | 02 क्विंटल | | |
| 12 | मूंगफली दाना | 03 क्विंटल | | |
| 13 | साबूदाना(सच्चा मोती, डबल डालफिन एगमार्क युक्त ) | 03 क्विंटल | | |
| 14 | गुड सूखा | 12 क्विंटल | | |
| 15 | आमचूर (किचिन किंग गोल्डी MDH एगमार्क युक्त) | 06 क्विंटल | | |
| 16 | शक्कर बडा दाना | 35 क्विंटल | | |
| 17 | चना कच्चा देशी | 15 क्विंटल | | |
| 18 | पोहा (उज्जैनी) | 18 क्विंटल | | |
| 19 | चायपत्ती ब्रांडेड (बाघ बकरी अग्नि डायमंड रेड लेवल एगमार्क युक्त) | 04 क्विंटल | | |
| 20 | सोयाबीन तेल (महाकोष, पूर्ति,न्यूटिला, सफोला, प्रेस्टीज, फारच्यून एगमार्क युक्त) | 40 क्विंटल | | |
| 21 | वनस्पति घी (गगन रथ पूर्ति डालडा एगमार्क युक्त) | 10 क्विंटल | | |
| 22 | आयोडीन नमक (भास्कर, टाटा, निरमा एगमार्क युक्त) | 35 टलक्विं | | |
| 23 | नमकीन (एगमार्क युक्त) | 06 क्विंटल | | |
| 24 | जीरा | 20 किलो ग्राम | | |
| 25 | दूध शुद्ध | 13400 लीटर | | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | दही शुद्ध | 13 क्विंटल | | |
| 27 | टोम ( एगमार्क युक्त) | 05 क्विंटल | | |
| 28 | बिस्किट (एगमार्क युक्त) | 05 क्विंटल | | |
| 29 | मठ्ठा (खाद्य) | 2000 लीटर | | |
| 30 | अचार (एगमार्क युक्त) | 01 क्विंटल | | |
| 31 | ब्रेड (एगमार्क युक्त) | 05 क्विंटल | | |
| 32 | सैंधानमक | 50 किलोग्राम | | |
| 33 | बेसन | 800 किलोग्राम | | |
| 34 | राई | 50 किलोग्राम | | |
| 35 | इमली बीज रहित (एगमार्कयुक्त) | 50 किलोग्राम | | |
| 36 | सूजी (एगमार्कयुक्त) | 50 किलोग्राम | | |
| 37 | काली मिर्च | 200 किलोग्राम | | |
| 38 | काला नमक | 60 किलोग्राम | | |

**अनुमानित राशि** 9166405 -

**प्रतिभूति राशि 274992-%** 3

उप जेल अधीक्षक
जिला जेल मुरैना (.प्र.म)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना
वार्षिक तृतीय निविदा 2026–27
सब्जियां एवं फल सामग्री अनुमानित

| क्र. | सब्जी ल का नामफ / | अनुमानित मात्रा | दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आलू | 120 क्विंटल | | |
| 2 | प्याज | 10 क्विंटल | | |
| 3 | बैंगन | 25 क्विंटल | | |
| 4 | लौकी | 30 क्विंटल | | |
| 5 | भिण्डी | 10 क्विंटल | | |
| 6 | कद्दू | 20 क्विंटल | | |
| 7 | गिलकी | 10 क्विंटल | | |
| 8 | अरबी | 10 क्विंटल | | |
| 9 | पालक | 06 क्विंटल | | |
| 10 | ग्वारफली | 10 टलक्विं | | |
| 11 | टिण्डा | 10 क्विंटल | | |
| 12 | फूलगोभी | 10 क्विंटल | | |
| 13 | पत्तागोभी | 10 क्विंटल | | |
| 14 | गाजर | 5 क्विंटल | | |
| 15 | मूली पत्तों सहित | 5 क्विंटल | | |
| 16 | खीरा | 6 क्विंटल | | |
| 17 | हरी मटर | 6 क्विंटल | | |
| 18 | मैथी हरी | 4 क्विंटल | | |
| 19 | सेमफली | 10 क्विंटल | | |
| 20 | हरी मिर्च | 4 क्विंटल | | |
| 21 | हरा धनियां | 3 क्विंटल | | |
| 22 | टमाटर | 20 क्विंटल | | |
| 23 | कच्चा आम | 5 क्विंटल | | |
| 24 | नीबू | 3 क्विंटल | | |
| 25 | सेवफल | 5 क्विंटल | | |
| 26 | अनार | 5 क्विंटल | | |
| 27 | केला | 5 क्विंटल | | |
| 28 | पपीता | 5 क्विंटल | | |
| 29 | ककडी | 6 क्विंटल | | |
| 30 | शकरकंद | 2 क्विंटल | | |
| 31 | चुकन्दर | 2 क्विंटल | | |
| 32 | शलजम | 2 क्विंटल | | |
| 33 | परमल | 50 किलो | | |
| 34 | करेला | 50 किलो | | |
| 35 | कुन्दरू | 50 किलो | | |
| 36 | कटहल | 50 किलो | | |

अनुमानित राशि1329879 –
प्रतिभूति राशि 39896-% 3

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना
वार्षिक तृतीय निविदा 2026–27
स्वच्छता सामग्री अनुमानित

| क्र. | वस्तु का नाम | अनुमानित मात्रा | दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नारियल तेल (पैराशूट, अयूर, मयूर, बजाज, मैक्सलकेयर एगमार्क युक्त ) | 800 किलोग्राम | | |
| 2 | सरसों तेल (कोल्हूक, फॉर्चून, धारा, नेचर फ्रेस, पतंजली एगमार्क युक्त) | 800 किलोग्राम | | |
| 3 | पानी के मटके (ढक्कन सहित) लीटर 10 | 600 नग | | |
| 4 | चूना कलई(डेला) | 30 क्विंटल | | |
| 5 | पीली मिट्टी | 3 क्विंटल | | |
| 6 | लाल मिट्टी | 3 क्विंटल | | |
| 7 | नारियल झाडू(400 ग्राम वजन में) | 600 नग | | |
| 8 | खजूर झाडू बडी | 1200 नग | | |
| 9 | बांस झाडू (डंडा सहित) | 300 नग | | |
| 10 | लेट्रिन ब्रुश ISI मार्क | 130 नग | | |
| 11 | हार्पिक(हेतु टॉयलेट सफाई) | 400 लीटर | | |
| 12 | एसिड क्लीनर ब्राण्डनेम सहित | 400 लीटर | | |
| 13 | नहाने का साबुन (लक्स लाइफबाॅय गोदरेज नं. 01) | 7 क्विंटल | | |
| 14 | कपडा साबुन (सर्फएक्सल, फेना, 555, रेना) | 22 क्विंटल | | |
| 15 | वाशिंग पाउडर (सर्फएक्सल, फेना, 555, रेना) | 17 क्विंटल | | |
| 16 | एल.ई.डी. बल्ब 09 वाट (आई.एस.आई.) | 200 नग | | |
| 17 | एल.ई.डी. बल्ब 18 वाट (आई.एस.आई.) | 100 नग | | |
| 18 | एल.ई.डी. बल्ब 20 वाट (आई.एस.आई.) | 50 नग | | |
| 19 | एल.ई.डी. बल्ब 60 वाट (आई.एस.आई.) | 50 नग | | |
| 20 | वायर बण्डल 1.0 एम.एम (आई.एस.आई.) | 10 बण्डल | | |
| 21 | वायर बण्डल 1.5 एम.एम (आई.एस.आई.) | 10 बण्डल | | |
| 22 | वायर बण्डल 2.5 एम.एम (आई.एस.आई.) | 10 बण्डल | | |
| 23 | फिनायल लुग्दी (गेंदा, त्रिशूल,लाइजोल, अमेजोन) | 400 लीटर | | |
| 24 | टूथपेस्ट काॅलगेट (पेप्सोडेंट, बबूल, डाबर) | 140 किलोग्राम | | |
| 25 | फिनायल गोली बडी(आईएसआई) | 10 किलोग्राम | | |
| 26 | तारपीन (ब्रांडेड) | 50 लीटर | | |
| 27 | ब्लेड (जिलेट, सुपरमैक्स, 07 ओ क्लाक ) | 20000 नग | | |
| 28 | प्लास्टिक जी.व्ही. ब्राण्डेड (अच्छी क्वालिटी ) | 3000 नग | | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | प्लास्टिक मग्गा (1 लीटर) | 200 नग | | |
| 30 | दाढी साबुन | 250 नग | | |
| 31 | प्लास्टिक बाल्टी लीटर 05 | 200 नग | | |
| 32 | कंघा | 400 नग | | |
| 33 | दाडी ब्रुश | 250 नग | | |
| 34 | पुताई ब्रुश इंच 4 | 100 नग | | |
| 35 | पुताई ब्रुश 6 इंच | 100 नग | | |
| 36 | टूथब्रश (सिबाका, ओरल बी , कोलगेट) | 3000 नग | | |
| 37 | गिट्टी सफेद पत्थर | 200 घनफुट | | |
| 38 | गिट्टी काली (जीरो ) | 200 घनफुट | | |
| 39 | गिटटी काली (20 एम.एम.) | 100 घनफुट | | |
| 40 | कोटा स्टोन | 200 फुटवर्ग | | |
| 41 | रेत | 200 घनफुट | | |
| 42 | ईंट | 2000 नग | | |
| 43 | सीमेंट(माइसेम ,अल्ट्राटेक ) | 25 बोरी | | |
| 44 | सरिया एम.एम 6 | 50 किलोग्राम | | |
| 45 | सरिया .एम.एम 10 | 50 किलोग्राम | | |
| 46 | मच्छर जाली(स्टील) | 300 वर्गफुट | | |
| 47 | कारीगर मजदूरी | 25 दिन | | |
| 48 | लेवर मजदूरी | 25 दिन | | |
| 49 | डिस्टेम्पर (बर्जर ,एसियन) | 50 लीटर | | |
| 50 | ऑयल पेन्ट (एशियन, बर्जर) | 50 लीटर | | |

अनुमानित राशि1549960 -
प्रतिभूति राशि 46499 /–

उप जेल अधीक्षक
जिला जेल मुरैना (.प्र.म)

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय अधीक्षक जिला जेल मुरैना
वार्षिक तृतीय निविदा 2026–27
स्वच्छता सामग्री अनुमानित

## खण्ड-04 (दवाईंया, जांचें एवं उपकरण)

| क्र. | सामगरी का नाम | मात्रा | ईकाई | दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| .1 | दवाईयां जेनरिक Cipla, Dr. Morepen, Biochem, Abbot, Zydus, Sunpharma, Dr. Reddy, Alkem, ipca,glenmark,Biocon,Mankind,Torrent, Aurobindo, Laurus,Aster DM | 6,00,000/- | | | |
| 2 | दवाईयाँ ब्रांडेड | 4,00,000/- | | | |
| 3 | चिकित्सा उपकरण एवं उपचार सामग्री चिकित्सक के परामर्श अनुसार | 1,00,000/- | | | |
| 4 | सभी प्रकार की जांचें चिकित्सक के परामर्श अनुसार | 1,00,000/- | | | |

अनुमानित राशि- 12,00,000.00
प्रतिभूति % 3राशि- 36,000.00

उप जेल अधीक्षक
जिला जेल मुरैना (.प्र.म)

Signature Not Verified
Digitally signed by SUNIT KUMAR SHARMA
Date: 2026.05.07 14:22:53 IST
Location: Madhya Pradesh-MP

Scanned with OKEN Scanner